कार्यालय–अधिष्ठाता शैक्षिक क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर

पत्रांकः 745 /शैक्षिक/चतुर्थ दी0स0/2022–23 दिनांकः अक्टूबर 22, 2022

:: दीक्षान्त समारोह ::

हर्ष के साथ सूचित करना है कि हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2021–22 में बी0टेक0, एम0टेक0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक), एम0सी0ए0 (दो वर्षीय एवं तीन वर्षीय) एवं पी0एच0डी0 पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं हेतु चतुर्थ दीक्षान्त समारोह दिनांक नवम्बर 24, 2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से शताब्दी भवन, पश्चिमी प्रांगण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उपाधि धारकों को सूचित करना है कि चतुर्थ दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिये दिनांक 08.11.2022 से 20.11.2022 के मध्य पंजीकरण कराया जा सकेगा। पंजीकरण लिंक एच0बी0टी0यू0 की वेबसाइट के **''दीक्षान्त समारोह''** टैब पर दिनांक 08.11.2022 से उपलब्ध होगा। दीक्षान्त समारोह सम्बन्धी आवश्यक अन्य सूचनायें भी ''दीक्षान्त समारोह'' टैब पर समय–समय पर अपडेट की जायेगीं।

पदक प्राप्तकर्ता बी0टेक0, एम0टेक0, एम0सी0ए0 एवं पी0एच0डी0 छात्र/छात्राओं को समारोह में सम्मिलित होने के लिए कोविड–19 हेतु आर0टी0पी0सी0आर0 की निगेटिव रिपोर्ट (24 से 48 घंटे के मध्य की रिपोर्ट मान्य) अनिवार्य होगी। विश्वविद्यालय परिसर में भी दिनांक 22.11.2022 एवं 23.11. 2022 को प्रातः 11:30 बजे से आर0टी0पी0सी0आर0 टेस्ट कराये जाने की व्यवस्था की जायेगी। दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों को अनिवार्य रूप से रिहर्सल में सहभाग करना होगा जो दिनांक 23.11.2022 को मध्यान्ह 12:00 बजे नियत किया गया है।

सूचित हों कि सभी उपाधि धारकों को दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए निर्धारित वेशभूषा (ड्रेस) जिसमें छात्रों को सफेद कुर्ता–पैजामा एवं छात्राओं को सफेद सलवार–सूट में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। उक्त के साथ ही परिधान (उत्तरी एवं साफा) विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, जिसका शुल्क रू0 500/– देय होगा (परिधान छात्र–छात्रा अपने साथ ले जा सकेंगे)। उक्त शुल्क ऑफलाइन/ऑनलाइन के माध्यम से जमा किया जा सकेगा। ऑफलाइन भुगतान हेतु छात्र–छात्रा भौतिक रूप से उपस्थित होकर वित्त विभाग में नकद जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते है या “Finance Controller, HBTU Kanpur” के नाम बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत कर सकते है अथवा अपने पंजीकरण की प्रति के साथ बैंक ड्राफ्ट संलग्न कर वित्त नियत्रंक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर 208002 को स्पीड–पोस्ट द्वारा प्रेषित कर सकते है। उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय ई0आर0पी0 पोर्टल लिंक http://erp.hbtu.co.in/slogin.aspx के माध्यम से दिनांक 08.11.2022 से दिनांक 20.11.2022 के मध्य ऑनलाइन शुल्क जमा कर सकते है।

उत्तीर्ण छात्रों से यह भी अपेक्षा है कि जिन छात्रों ने अपना अदेयता प्रमाण–पत्र (नो–डयूज) अथवा शिक्षण शुल्क शैक्षिक अनुभाग में अभी तक नहीं जमा किया है, वे दिनांक 13.11.2022 तक अपना अदेयता प्रमाण–पत्र अथवा शिक्षण शुल्क की प्रति शैक्षिक अनुभाग में अवश्य जमा करना सुनिश्चित करें।

(डा0 आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप